तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, रविवार 7 दिसंबर 2025


13 कड़कड़ाती ठंड से प्रभावित हुई दिनचर्या, बाजारों में...


14 विधायक सिन्हा ने बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में प्रतिभाशाली...






## खबर संक्षेप

### युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, पुलिस जांच में जुटी

**बालोद।** 25 वर्षीय अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवती अपने रिश्तेदार के यहां रहकर प्राईवेट स्कूल मे शिक्षिका थी, कुछ दिन पूर्व ही वह घर आई थी। मिली जानकारी के अनुसार अर्जुन्दा निवासी जागृति केसरी 25 वर्षीय ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। शुक्रवार दोपहर जब युवती के पिता भोजन करने घर पहुंचे तो अपनी बेटी को पंखे से लटका देख तुरंत घर के पास चल रहे भागवत में मौजूद लोगों को सूचना दी। जिसके बाद परिजनो की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा के बाद शव को नीचे उतरवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शाम को अर्जुन्दा के मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। मिली जानकारी के अनुसार मृतका पिछले 8 वर्षो से राजनांदगांव में अपने नाना–नानी के घर रह रही थी। वहीं युवती बीएड की पढ़ाई पूरी कर एक निजी स्कूल में शिक्षिका के रूप में कार्य कर रही थी। विवाह योग्य होने और लगातार रिश्ते आने के बाद माता–पिता ने बेटी को कुछ समय पहले ही अर्जुन्दा वापस बुला लिया था। वही अचानक युवती द्वारा ऐसा कदम क्यो उठाया गया इसकी जांच मे पुलिस जुट गई है।

### राइस मिल से 9 कट्टा धान चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** 9 कट्टा धान चोरी होने की शिकायत राईस मिल के संचालक ने की है। जिसमें पुलिस ने धारा 306, 331(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। बस स्टैण्ड के सामने आमापारा बालोद निवासी दीपक उपाध्याय ने पुलिस को बताया कि गंगोत्री राईस मिल के गोदाम में धान रखा था। 03 दिसंबर को मै मंडी से वापस अपने राईस मिल जा रहा था तभी रास्ते में करीबन 12.30 बजे दल्लीचौक बालोद के पास मेरी पीकअप वाहन क्रमांक सीजी 17 केवी 5330 के चालक नयापारा निवासी पारसमणी पीकअप वाहन में कुछ धान के कट्टो को भरकर जाते हुए देखा गया, तब मै अपने राईस मिल के गोदाम में जाकर देखा तो 09 कट्टा धान प्रत्येक कट्टा में 40 किलोग्राम धान कुल 3 क्विटंल 60 किलोग्राम नही था। जिस कारण मै पारसमणी को उनके मोबाईल में बहुत बार कॉल किया किन्तु मेरा कॉल रिशिव नही किया। करीबन 03 बजे चालक पारसमणी खाली पीकअप वाहन को राईस मिल में खडा कर छोड कर भाग गया है।

### नशे की दवा के साथ तीन गिरफ्तार

**भिलाई।** नशे की दवा के साथ तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर माल धक्का पास दुर्ग रेलवे स्टेशन के पास दो युवक नशे की दवा बेचने का काम कर रहे थे।

**आयोजन :** सांसद नाग ने ग्रामीण प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच तक पहुंचाने का दिया संदेश

# कचांदुर में सांसद खेल महोत्सव की शुरुआत, युवाओं को मिलेगा बढ़ावा






हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- सांसद खेल महोत्सव में कबड्डी, खो–खो, वॉलीबॉल और रस्साकस्सी खेलों का आयोजन
- सांसद ने प्रतिभागियों को प्रेरित किया, खेलों के माध्यम से स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का दिया संदेश



सांसद भोजराज नाग ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव का उद्देश्य गांव–गांव में छिपी हुई खेल प्रतिभाओं को देश व दुनिया के सामने पहचान दिलाने, युवाओं में खेल भावना, अनुशासन और स्वस्थ जीवन शैली के प्रति जागरूकता लाना है।

उन्होंने कहा कि सांसद खेल महोत्सव के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्रें की प्रतिभा राष्ट्रीय मंच तक पहुँचेगी। सांसद नाग जिले के गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम कचांदुर में आयोजित सांसद खेल महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को अपनी खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपना व अपने क्षेत्र का नाम रोशन करने प्रेरित किया। इससे पूर्व सांसद नाग ने दीप प्रज्वलित कर एवं ट्राफी का अनावरण कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। कार्यक्रम में रंगारंग ▶▶| शेष पेज 12 पर

# उपमुख्यमंत्री की अनुशंसा पर 5 लाख मंजूर, जनप्रतिनिधियों ने किया भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर/अंडा

सेवा सहकारी समिति मर्यादित परसदा में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं बालोद जिला के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा के अनुशंसा से प्रकाश व्यस्था के लिए 5 लाख रुपए की राशि स्वीकृति की गई। जिसकी भूमि पूजन धान खरीदी केन्द्र में किया गया। भूमि पूजन कार्य क्रम के अतिथि मण्डल अध्यक्ष ओटेबन्द एवं प्राधिकृत अध्यक्ष कुलदीप साहू, सरपंच परसदा सत्यवती साहू, पूर्व सांसद प्रतिनिधि थानसिंह मंडावी, समिति प्रबंधक संत राम साहू, किसान बाला राम कोसरे ने पूजा अर्चना कर भूमि पूजन किया गया, प्राधिकृत अध्यक्ष कुलदीप साहू ने कहा कि छग सरकार द्वारा किसानों की हित में धान खरीदी में पारदर्शी लाई गई है। राशि का भुगतान निर्धारित समयावधि में किया जा रहा है। जिससे ग्रामीण अर्थ व्यवस्था में सकारात्मक प्रभाव है एवं किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है प्रशासन द्वारा खरीदी केन्द्र में बार दाना की उपलब्धता, इलेक्ट्रानिक तौल की व्यवस्था, पेय जल व विश्राम व्यवस्था के साथ धान खरीदी केन्द्र में प्रभारी मंत्री विजय शर्मा के अनुशंसा से प्रकाश व्यस्था के लिए 5 लाख रुपए की राशि स्वीकृति की गई हैं। इस अवसर पर राज कुमार देवांगन, घना राम साहू, जगदेव साहू, चंद्रकिरण साहू, धनंजय साहू, भारत यादव नारद कुमार साहू उपस्थित थे।



# बालोद में 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की तैयारी जोरों पर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में नारी सशक्तिकरण वर्ष के उपलक्ष्य में शक्ति संवर्धन विराट 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ 8 से 11 दिसंबर को गजानंद पोहा उद्योग परिसर बालोद में आयोजित किया गया है।

महायज्ञ आयोजन समिति के प्रचार प्रसार प्रभारी राजेंद्र कुमार सिन्हा ने बताया कि चार दिवसीय गायत्री महायज्ञ की तैयारी लगभग पूरी हो गई है, अखिल विश्व गायत्री परिवार, युग निर्माण योजना, विचार क्रांति अभियान के संस्थापक पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के सूक्ष्म संरक्षण में उनके द्वारा 1926 में हिमालय से लाई अग्नि से प्रज्ज्वलित अखंड ज्योति व माता भगवती देवी शर्मा के जन्म शताब्दी वर्ष में मानव में देवत्व का उदय व



धरती पर स्वर्ग का अवतरण के उद्देश्य लेकर इस यज्ञीय आयोजन में प्रथम दिवस कलशयात्र में 2400 कलश धारण कर पीत वस्त्रधारी महिलाएं प्रज्ञागीत भजन, नवयुग का उद्घोष करते हुए एवं गायत्री परिवार द्वारा चलाए जा रहे रचनात्मक अभियान के रूप में नशामुक्ति, पौंधारोपण, नारी जागरण, बालसंस्कार शाला, स्वावलंबन की झांकी भी निकाली जाएगी।

शायंकालिन युगसंदेश प्रज्ञापुराण कथा के माध्यम से परिवार, समाज व राष्ट्र निर्माण संदेश पर विशेष प्रवचन का कार्यक्रम होंगे। द्वितीय दिवस प्रातः ध्यान साधना, योग, आसन, प्राणायाम, कराये जाएंगे। उसके पश्चात 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की शुभारंभ देवपूजन से होगी, जिसमें विश्व कल्याण निमित्त सबके लिए सद्बुद्धि व सबके लिए उज्जवल भविष्य की प्रार्थना के साथ गायत्री महामंत्र, महामृत्युंजय ▶▶| शेष पेज 12 पर




## जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
## सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

### मोटरसाइकिल की चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** मोटर साइकिल लेकर पढ़ने गए युवक ने स्कूल से बाहर खड़ी कर स्कूल गया, युवक जब वापस आया तो मोटर साइकिल गायब मिला। जिसके बाद युवक के पिता ने अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 303(2) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। ग्राम घोटिया निवासी ऐतेन्द्र कुमार कुमेटी ने पुलिस को बताया मेरे नाम पर मोटर साइकिल एचएफ डिलक्स सीजी 24 3185 है। मेरा लड़का प्रियांशु कुमेटी जो शासकीय उच्चतर मध्यमिक विद्यालय ग्राम खल्लारी में पढाई करता है, 01 दिसंबर को मोटर साइकिल को लेकर घोटिया से अपने स्कूल खल्लारी आया था, स्कूल में मोटर साइकिल लाना प्रतिबंधित होने से मोटर सायकल को रमन किराना स्टोर्स के पास सुबह 10 बजे खड़ी कर स्कूल पढाई करने चला गया था। स्कूल से छुट्टी होने पर शाम करीबन 05 बजे प्रियांशु कुमेटी अपने मोटर साइकिल को खड़ी किये स्थान पर आया तो मोटर साइकिल खड़े स्थान पर नहीं था, तब मेरा बेटा मुझे फोन कर मोटर साइकिल चोरी होने की बात बताया। तब मैं अपने लड़का प्रियांशु के साथ आस पास पता तलाश किये, जो नहीं मिला कोई अज्ञात चोर मोटर साइकिल को खड़े किये स्थान से चोरी कर ले गया था।

**खबर संक्षेप**



## मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत 48 लाख रुपए स्वीकृत

**दुर्ग।** मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजनांतर्गत वर्ष 2025-26 में शासन द्वारा अनुमोदित निर्धारित लागत दर अनुसार जनपद पंचायत अंतर्गत अधोसंरचना निर्माण कार्य के लिए 48 लाख 28 हजार रूपए की अनुशंसा प्राप्त हुई है। अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग धमधा द्वारा प्रेषित तकनीकी स्वीकृति के आधार पर अनुशंसित कार्य को संपादित कराए जाने हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत धमधा को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। कार्यों की संपादन कार्यकारी एजेंसी संबंधित ग्राम पंचायत होगी। जिला पंचायत सीईओ बजरंग कुमार दुबे से प्राप्त जानकारी अनुसार धमधा ब्लॉक के ग्राम अरसी के देवांगन पारा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 6 लाख 50 हजार रूपए, ग्राम हिर्री के विश्वकर्मा चौक में सीसी रोड निर्माण 2 लाख 60 हजार, ग्राम बड़े पुरदा के माखन लाल साहू के घर पास रंगमंच निर्माण 3 लाख, ग्राम रूहा पेन्ड्री के जितेन्द्र घर के पास रंगमंच निर्माण 3 लाख, ग्राम नारधा के हायर सेकंडरी स्कूल में शेड निर्माण 7 लाख, ग्राम कंडरका में माध्यमिक शाला में शेड निर्माण 07 लाख, ग्राम राजपुर के कोक्सा तालाब में निर्मलाघाट निर्माण 2 लाख 60 हजार, ग्राम ढ़ाबा के माध्यमिक शाला में शेड निर्माण7 लाख, ग्राम बागडुमर सेमरिया में मुक्तिधाम एवं शेड निर्माण 4 लाख 79 हजार और ग्राम ढौर खेरधी में मुक्तिधाम एवं शेड निर्माण हेतु 4 लाख 79 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

## अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस का आयोजन

**दुर्ग।** अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर लायंस चैरिटेबल ट्रस्ट, प्रयास श्रवण बाधित दिव्यांग विद्यालय सुपेला भिलाई में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दिव्यांगजनों के प्रति सम्मान एवं सकारात्मक वातावरण निर्मित करने दिव्यांग छात्र-छात्राओं एवं जिले से आए अन्य दिव्यांग हितग्राहियों को सम्मिलित किया गया।

# मतदाता सूची का सत्यापन 11 तक, बीएलए से की जाएगी शेयर

### विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिले में निर्वाचन नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण संबंधी कार्य के प्रगति के संबंध में जिला कार्यालय के सभाकक्ष में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी विरेन्द्र सिंह एवं राजनीतिक दलों की प्रतिनिधियों की मौजूदगी में पुनरीक्षण कार्य की प्रगति, संशोधित कार्यक्रम तथा महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं की जानकारी साझा की गई।

जानकारी दी गई कि 27 अक्टूबर को जारी निर्देशों के अनुसार विशेष गहन पुनरीक्षण का संशोधित कार्यक्रम घर-घर मतदाता सत्यापन 11 दिसंबर, ड्राफ्ट मतदाता सूची 16 दिसंबर, आपत्ति एवं दावा अवधि 16 दिसंबर से 15 जनवरी, सुनवाई एवं सत्यापन 16 दिसंबर से 7 फरवरी, अंतिम मतदाता सूची प्रकाशन 14 फरवरी 2026 को किया जाना है। कलेक्टर ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत पूर्व एवं वर्तमान सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, महापौर, जनपद, नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत के सदस्य, सभापति, एल्डरमेन, पार्षद, पंच, सरपंच तथा अन्य जनप्रतिनिधियों एवं उनके परिवारजनों के गणना प्रपत्र बीएलओ के पास जमा है या नहीं। इसकी पुष्टि दलों द्वारा अवश्य कर ली जाए। यदि किसी भी जनप्रतिनिधि या उनके परिवार के सदस्य का नाम वर्ष 2003 के रिकॉर्ड से मिलान के दौरान छूट गया हो तो तत्काल जिला निर्वाचन कार्यालय दुर्ग को सूचित करने को कहा है।



### डिजिटाईजेशन मतदान केन्द्रों के एएसडी सूची किया जाएगा साझा

कलेक्टर ने कहा कि लगभग सभी मतदान केन्द्रों के शत-प्रतिशत डिजिटाईजेशन पूर्ण हो चुका है। जिन मतदान केंद्रों में शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन पूरा हो चुका है, वहां के एएसडी (मृत, अनुपस्थित, स्थानांतरित) मतदाताओं की सूची बीएलओ द्वारा संबंधित दल के बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) को उपलब्ध कराई जाएगी। बीएलए द्वारा सूची की जांच कर त्रुटि पाए जाने पर सुधार हेतु बीएलओ को सूचित करने को कहा।

### खुलासा : हत्या का षड्यंत्र जेल में रचा गया था

# हत्या की साजिश नाकाम हुई तो जला दिया कार, 5 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ दल्लीराजहरा

दल्लीराजहरा सहित पूरे बालोद जिले में सनसनी फैलाने वाले कार फूक कांड का पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। अपने राजनीतिक रंजिश और जमीन विवाद को लेकर कथित रूप से सुपारी देने वाले अश्वनी डडसेना (जिला जेल बालोद में निरुद्ध) तथा उनकी पत्नी, ग्राम अंगारी की सरपंच ममता डडसेना की संलिप्तता की पुष्टि के बाद पुलिस ने 5 आदतन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। सभी को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। इस मामले में जेल से ही सुपारी तय करने, पैसों की डील, वीडियो मांगने, गैंग तैयार करने, रेकी, हत्या की कोशिश और कार में आग लगाने तक की पूरी कहानी एक क्राइम फिल्म जैसी निकलकर सामने आई है।

घटना दिनांक 01.12.2025 को वार्ड क्रमांक 20, पाररास निवासी देवेंद्र साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उन्होंने अपने घर के बाउंड्री वॉल में अपनी कार क्रमांक सीजी - 24-डब्लू -7166 पार्क की थी। रात करीब 9 बजे अज्ञात आरोपियों ने पेट्रोल डालकर कार में आग लगा दी। घटना में कार जलकर नष्ट हो गई।

थाना बालोद में अपराध क्रमांक 527/2025, धारा 326(जी), 3(5) बीएनसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।




**गिरफ्तार आरोपी**

अनिकेत मेश्राम, पिता सुनील मेश्राम, उम्र 19 वर्ष, निवासी वार्ड 13 लोडिंग क्वार्टर, दल्लीराजहरा सूरज रंगारी, पिता दिलीप रंगारी, उम्र 19 वर्ष, निवासी लोडिंग क्वार्टर, वार्ड 13, दल्लीराजहरा दानेश्वर साहू, पिता स्व. तरुण साहू, उम्र 22 वर्ष, निवासी वार्ड 15 बजरंग चौक, दल्लीराजहरा. मोहम्मद फैजान, पिता स्व. अब्दुल रहीम, उम्र 21 वर्ष, निवासी वार्ड 15 शहीद अस्पताल के पीछे, दल्लीराजहरा अभिषेक चौरे, पिता अशोक चौरे, उम्र 22 वर्ष, निवासी तरौद जिला बालोद

**पुलिस की उल्लेखनीय कार्रवाई**

इस पूरे जटिल और संगठित अपराध के पर्दाफाश में थाना बालोद पुलिस टीम एवं सायबर सेल बालोद की विशेष भूमिका रही। पुलिस ने सभी 5 आदतन आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

पुछताछ में सामने आया कि मुख्य आरोपी मोहम्मद फैजान पूर्व में मारपीट के मामले में जेल में निरुद्ध था। वहीं उसकी मुलाकात अश्वनी डडसेना से हुई। इसी दौरान डडसेना ने कथित रूप से कहा— देवेंद्र साहू से मेरा जमीन विवाद है, जो भी उसे जान से मारेगा, जितना पैसा मांगोगे दूंगा।

फैजान 04.11 को जेल से रिहा हुआ। कुछ दिन बाद अश्वनी डडसेना ने फोन कर कहा—देवेंद्र साहू की हड्डी टूटने तक मारना है, वीडियो भेजना है। काम करोगे तो पैसा और जमीन दोनों दूंगा। साथ ही उसने अपने आदमी रीकू उर्फ श्यामू यादव का मोबाइल नंबर फैजान को दिया। रीकू यादव ने फैजान को 7,000 रुपये एडवांस दिए तथा आगे की व्यवस्था करने को कहा।

फैजान ने अपने दल्लीराजहरा के तीन दोस्तों- अनिकेत मेश्राम,सूरज रंगारी,दानेश्वर साहू को हत्या करने के लिए तैयार किया।

अभिषेक चौरे (तरौद निवासी), जो अश्वनी डडसेना के लिए सामान लाने का काम करता है, उसने आरोपियों को देवेंद्र साहू के घर और ऑफिस की पहचान कराई।

पहले हत्या की कोशिश, फिर कार जलाने का प्लान,चारों आरोपी देवेंद्र साहू के घर पहुंचे। उन्होंने आवाज लगाकर उन्हें बाहर बुलाया। देवेंद्र साहू गेट तक आए भी, पर आरोपियों ने सीसीटीवी कैमरा देखकर हमला करने की हिम्मत नहीं की और वापस लौट गए।

जब फैजान को यह बताया गया तो उसने कहा- अगर मार नहीं सकते तो उनकी कार में आग लगा दो। इसके बाद कार पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी गई। घटना की जानकारी फैजान ने मोबाइल से अश्वनी डडसेना को दी। डडसेना ने कहा—काम हो गया है, लड़कों को पैसा दूंगा, टिकट भी बनवा दूंगा, पर मेरा और घर वालों का नाम नहीं आना चाहिए।

**पुलिस की तत्परता ने खोला पूरा जाल**-पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर व एसडीओपी देवांश सिंह राठौर के पर्यवेक्षण में निरीक्षक शिशुपाल सिन्हा के नेतृत्व में थाना बालोद व सायबर सेल ने तकनीकी व मानवीय संसाधनों का उपयोग कर आरोपियों को गिरफ्तार किया।

आरोपियों के मेमोरण्डम पर—घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल,घटना के समय पहने गए कपड़े मोबाइल फोन को जप्त किया गया।दोषियों द्वारा संगठित अपराध घटित करने से धारा 111, 62(1) जोड़ी गई।

# कबीर संत समागम, सात्विक यज्ञ और भंडारा का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

सद्गुरू श्री कबीरघाट धर्मानुरागी समिति मोहलाई द्वारा कबीर संत समागम सात्विक यज्ञ चौका आरती एवं विशाल भोजन भंडारा का आयोजन 30, 31 जनवरी व 1 फरवरी को किया गया है। जिसमे संत श्री महात्मा लेखचंद साहेब सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम में भजन प्रतिदिन माता जी एवं साध्वी सरोज माता जी श्रीमुख से होगा। छलकत गगरिया पंडवानी पार्टी रसोटा बलौदाबाजार भरत निशाद प्रस्तुती देंगे। 30 व 31 जनवरी को भजन सत्संग सुबह 9 बजे से 10:30 बजे तक व प्रवचन 10:30 से 1:30 बजे तक व अपराहन भजन संध्या सत्संग 1:30 बजे से 30 बजे तक व प्रवचन 2:30 से 5 बजे होगा। 1 फरवरी को भजन सत्संग प्रातः 9 बजे से 10:30 बजे तक व प्रवचन 10:30 बजे से 1:30 बजे तक होगा। अपराहन 2:30 बजे से सामूहिक सात्विक यज्ञ चौका आरती का आयोजन किया जाएगा। 31 जनवरी को रात्रि 8 बजे कवि सम्मेलन के तहत सीताराम साहू श्याम व केशव राम साहू उपस्थित रहेंगे।

भूमिदान दाताओ में स्व. खोरबाहरीन बाई साहू, नोहरूराम साहू, टीकम साहू, रोहित साहू, भगवान सिंह साहू है। विशेष सहयोग सजनू दास साहेब, गिरधारी साहेब, कुलेश्वर साहू, यशवंत साहू, ताम्रध्वज साहू का है।

समिति में संरक्षक डॉ प्रकाश देवांगन, सुरेश साहू, हीराराम साहू, टोमन लाल साहू, अध्यक्ष युवराम साहू, उपाध्यक्ष धरमदास साहू, सचिव पवन कुमार साहू, कोशाध्यक्ष लोकशरण साहू, सह सचिव निरंजन साहू, लुकेश्वर साहू, उद्घोशक केशूराम साहू, सलाहकार वीपी वर्मा, भजन लाल साहू, लल्लू राम साहू, रिखी राम साहू, महिला सदस्य लुमन साहू, कलिन साहू, पोमिन साहू, फगनी साहू, पद्मनी देवांगन, योगिता साहू, लीला साहू, बिसाहिन साहू, अनुसुईया साहू, मिनेशवरी साहू, जानकी साहू उपस्थित रहेंगे।

## पुलिस ने की प्रदर्शनकारियों पर बर्बरता, दंगे जैसी गंभीर धाराओं के तहत दर्ज किया केस

**दुर्ग।** पिछले दिनों जमीन के बाजार मूल्य की बढ़ोत्तरी को लेकर जेआरडी स्कूल के सामने प्रदर्शन और चक्काजाम की कोशिश कर रहे प्रदर्शनकारियों पर लाठी चार्ज को लेकर शुक्रवार को कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल केंद्रीय जेल दुर्ग पहुंचा। जहां कांग्रेसियों ने जेल में निरुद्ध आरोपियों से मुलाकात की। कांग्रेसियों ने घायलों से भी चर्चा की। जेल में अनिल वासनिक, विक्की चंद्राकर, दिनेश पाण्डेय, राकेश यादव, जितेन्द्र बत्रा ने आप बीती बताई। कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल में भिलाईनगर विधायक देवेंद्र यादव, शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल, पूर्व विधायक अरुण वोरा प्रमुख रूप से मौजूद थे। देवेंद्र इसके बाद एसएसपी विजय अग्रवाल से मिलने भी गए, उनकी अनुपस्थिति में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा से मुलाकात कर वस्तु स्थिति की जानकारी ली।

## एनएसएस शिविर: बौद्धिक परिचर्चा में युवाओं को मिली प्रेरणा

**डौंडीलोहारा।** ग्राम नाहंदा में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई, शासकीय महाविद्यालय खेरथा द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के पंचम दिवस पर आयोजित बौद्धिक परिचर्चा सार्थक और प्रेरणादायी रही। कार्यक्रम में जनभागीदारी समिति अध्यक्ष जेवरतला किशोरी साहू तथा भाजपा मंडल उपाध्यक्ष देवरी बंगला उत्तम साहू विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। स्वयंसेवकों ने अतिथियों का स्वागत कर परिचर्चा की शुरुआत की। मुख्य अतिथि उत्तम साहू ने एनएसएस के मूल उद्देश्य—सेवा, अनुशासन, नेतृत्व और सामाजिक जिम्मेदारी—पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि शिविर में सीखी गई गतिविधियाँ जैसे टीम वर्क, समय प्रबंधन, स्वच्छता, जागरूकता अभियान और ग्रामीण सहभागिता केवल सात दिनों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि जीवनभर अपनाना ही सच्चे स्वयंसेवक की पहचान है। अध्यक्ष किशोरी साहू ने अनुशासन, संयम और सादगी की महत्ता पर जोर देते हुए युवाओं को नियमितता, लक्ष्य के प्रति समर्पण और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने शाकाहार अपनाने, नशा और गलत आदतों से दूर रहने तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला। बौद्धिक परिचर्चा के दौरान स्वयंसेवकों ने अपनी जिज्ञासाएं रखीं और अतिथियों के विचारों से लाभान्वित हुए। कार्यक्रम का संचालन योगेश्वरी भुआर्य ने किया। पंचम दिवस की यह परिचर्चा स्वयंसेवकों के लिए प्रेरणा, जागरूकता और नैतिक उन्नयन का समृद्ध अवसर साबित हुई।




## कांग्रेस के तीन जिला संगठनों के नए अध्यक्ष आज लेंगे शपथ, भूपेश बघेल होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

■ पीसीसी चीफ दीपक बैज के भी आगमन की तैयारी







कांग्रेस के तीनों जिला संगठनों में युवा कार्यकर्ता को अध्यक्ष बनाए जाने के बाद युवा कार्यकर्ताओं में खासा जोश और उत्साह देखने को मिल रहा है।

संगठन में उनकी गतिविधि बढ़ गई है। उनका कहना है कि लंबे समय बाद पार्टी हाईकमान ने कार्यकर्ताओं के पसंद के व्यक्ति को जिला अध्यक्ष जैसे जिम्मेदार पर पद जिम्मेदारी सौंपी है। इससे युवाओं में खासा उत्साह है। इधर 6 दिसंबर को सुबह साढ़े 10 बजे तीनों अध्यक्षों धीरज बाकलीवाल, राकेश ठाकुर और मुकेश चंद्राकर की ताजपोशी होनी है। कार्यक्रम में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे। पीसीसी चीफ दीपक बैज का भी आगमन हो रहा है। इसके अलावा पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे। प्रवक्ता नासिर खोखर ने बताया कि राजीव भवन में कार्यक्रम का आयोजन होगा।

# दिव्यांगजन समाज की शक्ति, मिले बराबर अवसर और सम्मान : मेयर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर वार्ड 17 कदाम्बरी नगर स्थित ब्राइट मंदबुद्धि एवं मूकबधिर विद्यालय संस्था द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मेयर अलका बाघमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इस अवसर पर लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चंद्राकर, पार्षद सुरुचि उमरे रंजीता पाटिल, राजू रातपूत आदि मौजूद रहें।

संस्था द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किए जाने वाले इस कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांगजनों के प्रति सम्मान, संवेदनशीलता और सकारात्मक वातावरण का निर्माण करना है। इसी उद्देश्य से समारोह, सेमिनार, जागरूकता शिविर, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं खेलकूद गतिविधियों का आयोजन कर दिव्यांग हितग्राहियों की प्रतिभा को मंच प्रदान किया गया। मेयर बाघमार ने कार्यक्रम में उपस्थित दिव्यांगजनों के साथ समय बिताया और उनकी प्रस्तुतियों की सराहना की। उन्होंने कहा दिव्यांगजन हमारी समाज की शक्ति हैं। उनमें अद्भुत प्रतिभा, धैर्य और जिजीविषा होती है। हमारा दायित्व है कि हम उन्हें समान अवसर, सम्मान और प्रोत्साहन प्रदान करें। नगर निगम हमेशा दिव्यांगजन हितार्थ कार्यों को प्राथमिकता देगा और उनके लिए बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएंगी।मेयर ने संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के विद्यालय और संस्थाएं समाज में जागरूकता बढ़ाने और दिव्यांग बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### पुलगांव, सेवती व बोरई पहुंचे गजेंद्र यादव

# शिक्षा मंत्री ने विद्यार्थियों से ली पढ़ाई की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

■ स्मार्ट क्लास को लेकर लिया फीडबैक

प्रदेश के स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधी एवं विधायी मंत्री गजेन्द्र यादव दुर्ग जिले में ग्राम पुलगांव, सेवती और बोरई तथा राजनांदगांव जिले के बिरेझर, सलोनी एवं चारभांठा स्थित शासकीय विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यार्थियों से प्रत्यक्ष संवाद कर उनकी पढ़ाई, आवश्यकताओं और सीखने के अनुभवों की जानकारी ली। उन्होंने विद्यालयों में विद्यार्थियों व शिक्षकों की उपस्थिति, परिसर की स्वच्छता तथा उपलब्ध शैक्षणिक संसाधनों की स्थिति की गंभीरतापूर्वक समीक्षा की।स्कूल शिक्षा मंत्री श्री यादव ने शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय चारभांठा में स्मार्ट क्लास के माध्यम से संचालित शिक्षण व्यवस्था का फीडबैक लिया और शिक्षा की गुणवत्ता में और अधिक सुधार के लिए आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विद्यालय स्टाफ को बच्चों का प्रैक्टिकल एवं निर्धारित पाठ्यक्रम समय पर पूर्ण कर आगामी परीक्षाओं की उत्कृष्ट तैयारी कराने के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण, समावेशी और आधुनिक शिक्षा उपलब्ध कराने निरंतर प्रतिबद्ध है।



## अंतर महाविद्यालयीन तैराकी स्पर्धा में कन्या महाविद्यालय की जलपरियों ने जीता गोल्ड

**दुर्ग।** शासकीय डॉ. वावा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर, महाविद्यालय की तैराकों ने शासकीय महाविद्यालय कवर्धा द्वारा आयोजित हेमचंद यादव अंतरमहाविद्यालयीन तैराकी प्रतियोगिता में चार विधाओं में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। महाविद्यालय की तैराक भूमिका ओझा, बी.एस.सी गृहविज्ञान तृतीय सेमेस्टर ने 50 मीटर बैक स्टोक, 100 मीटर फ्री स्टाईल, 50 मीटर ब्रेस्ट स्टोक में विजेता रही। वही धनु ओझा बीएससी गृहविज्ञान तृतीय सेमेस्टर ने 50 मीटर बटर फ्लाई, 50 मीटर फ्री स्टाईल, 100 मीटर फ्री स्टाईल, 200 मीटर आईएम (चारो स्टोक) चार विधाओं में विजेता रही। चन्द्रकला ओझा ने 100 मीटर बटर फ्लाई, 50 मीटर बटर फ्लाई, 100 मीटर बैक स्टोक 200 मीटर, फ्री स्टाईल चारो विधाओं में विजेता रही।

**पेज 11 के शेष...**

## कचांदुर में सांसद...

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई।

इस अवसर पर राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन और जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव की शुरूआत ग्राम कचांदुर से हो रही है। इससे गांव की खेल प्रतिभा का विकास होगा। गांव की इन खेल प्रतिभाओं को कलस्टर स्तर, तहसील स्तर, विधानसभा स्तर तथा लोकसभा स्तर पर खेलते हुए अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का बेहतर माध्यम मिलेगा। खेल से शरीर और मन दोनों ही स्वस्थ रहता है। इस अवसर पर सांसद नाग ने कबड्डी के प्रतिभागियों से भेंट कर परिचय प्राप्त किया तथा कबड्डी का शुभारंभ कर सभी उपस्थित जनों को अपनी शुभकामनाएं भी दी। उल्लेखनीय है कि सांसद खेल महोत्सव में कबड्डी, खो–खो, वॉलीबॉल एवं रस्साकस्सी कुल 04 खेलों का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर, जनपद पंचायत गुण्डरदेही के अध्यक्ष पुरूषोत्तम चंद्राकर, नगर पंचायत गुण्डरदेही के अध्यक्ष प्रमोद जैन, पूर्व विधायक राजेन्द्र राय, वीरेन्द्र साहू, नगर पालिका बालोद के पूर्व अध्यक्ष राकेश यादव, लेखराम साहू, राज्य एथेलेटिक्स संघ के उपाध्यक्ष सौरभ लुनिया, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी निखत सुल्ताना एवं अन्य अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे।

## बालोद में 108...

मंत्र की विशेष आहुति दी जाएगी। तृतीय दिवस पूर्ववत महायज्ञ में 1300 गर्भवती महिलाओं की पुंसवन संस्कार अर्थात गर्भधारण संस्कार कराया जाएगा। जो एक विश्व रिकॉर्ड बन सकता है, साथ ही विराट नारी जागरण के कार्यक्रम होगे, जिसमें राष्ट्र निर्माण में नारी की भूमिका पर विशेष उद्बोधन शांतिकुंज प्रतिनिधि द्वारा दिया जाएगा, जिसमें हजारों महिलाऐं शामिल होंगी, शायंकालिन संगीतमय प्रज्ञापुराण प्रवचन व नवयुग के आवतरण के स्वागत में वेद मंत्रें से 11000 दीपक प्रज्वलित किया जाएगा। तृतीय दिवस पूर्ववत महायज्ञ में दीक्षा, विद्यारंभ, मुंडन, अन्नप्रासन आदि संस्कार निरूशुल्क कराये जाएंगे, तत्पश्चात देवसंस्कृति विश्वविद्यालय प्रतिकुलपति शांतिकुंज हरिद्वार के प्रतिनिधि चिन्मय पंड्या का विशेष उद्बोधन हजारों की संख्या में उपस्थित युवाओं को युगसंदेश देंगे। अंतिम चतुर्थ दिवस 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की पूर्णाहुति दी जाएगी, उक्त आयोजन में भारतीय संस्कृति की विभिन्न प्रकार की झांकी प्रदर्शनी भी लगाई गई है साथ ही विराट जीवनोपयोगी सत साहित्य का स्टाल लगाया जा रहा है, चारों दिन विशाल भंडारा में यज्ञ में उपस्थित हजारों श्रद्धालुओं को भोजन प्रसाद दी जाएगी।

## खबर संक्षेप



### मोखा में शिव महापुराण कथा का आयोजन

**गुरूर।** ग्राम मोखा में शिव महापुराण का कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा वाचक पाटन जिला दुर्ग महराज पं. कृष्ण तिवारी के द्वारा वाचन किया जा रहा है। जिसका आयोजक शिव शक्ति महिला समूह व विनीत समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से की जा रही है। जिसमें आज चतुर्थ दिवस के अवसर पर हमारे बीच शिव महापुराण कथा के इस कार्यक्रम में अतिथि भाजपा मंडल उपाध्यक्ष धर्मेंद्र साहू, सरपंच बोहारडीह राजेंद्र साहू, उपसरपंच पंचराम निषाद, ग्रामीण उपाध्यक्ष रामस्वरूप सिन्हा, ग्रामीण पटेल रामचरण सिन्हा, संचालक कारी बदरिया युगल किशोर साहू, इंद्रसेन गजेंद्र व उनकी धर्मपत्नी पूर्व सरपंच भेजा रेणुका गजेंद्र की उपस्थिति साथ ही समस्त ग्रामवासियों की उपस्थिति में कथा श्रवण किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के द्वारा शिव महिमा का बखान किया गया और उन्होंने कहा कि हम सभी धर्म मंच से जुड़ें। अतिथियों का श्रीफल व वस्त्र भेंट कर विदाई किया गया।

### दो भाइयों में मारपीट रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** सोसायटी से मिले चावल के बारे में पूछने पर दो भाईयो मे मारपीट व गाली गलौज हो गई। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने मारपीट करने वाले भाई के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमें पुलिस ने धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। वार्ड क्रमांक 13 आमापारा बालोद निवासी राजू सोनी ने पुलिस को बताया कि हम तीन भाई है, जिसमें बड़ा भाई स्व0 जगदीश सोनी मंझला राजेश सोनी तथा छोटा मैं हूं, मेरे पिता सेवाराम सोनी मंझला भाई राजेश सोनी के पास रहते है तथा मैं अलग रहता हूं, किन्तु हम सभी का नाम पर एक ही राशन कार्ड में है। 05 दिसंबर को शाम करीबन 07:30 बजे अपने घर आमापारा बालोद आने के बाद रात्रि करीबन 08:15 बजे घर के सामने राजेश सोनी मिला, जिससे मैंने सोसायटी से मिले चावल के बारे में पूछने पर तुम अलग रहते हो तथा पिताजी के खर्चे के लिये रूपये भी नहीं देते हो और चावल के बारे में पूछ रहे हो कहकर मुझे गाली गलौज कर पास में रखे लकड़ी के भत्ता से मेरे सिर एवं गाल में मारकर चोट पहुंचाया है।

### तहसील स्तरीय पेंशनर सम्मेलन और सम्मान समारोह 9 को

**गुरूर।** छ.ग. पेंशन समाज तहसील ईकाई गुरूर द्वारा तहसील स्तरीय पेंशनर सम्मेलन व सम्मान समारोह का आयोजन 9 दिसंबर को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक पेंशनर भवन गुरूर में किया गया है।

जिसमे मुख्य अतिथि अध्यक्ष पुलिस पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन जिला धमतरी होरीलाल साहू होंगे। अध्यक्षता अध्यक्ष छ.ग राज्य पेंशनर समाज तहसील गुरूर सेवाराम तेजस्वी करेंगे। विशिष्ट अध्यक्ष छ.ग राज्य पेंशनर समाज जिला बालोद जीके साहू, सेवा निवृत्त लेखापाल ग्राम डोटोपार सीताराम सोनखुटिया होंगे। कार्यक्रम में सन 2025 मे 80 वर्ष पूर्ण करने वाले पेंशनरो का सम्मान किया जाएगा। विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिभाशाली पेंशनरो का सम्मान किया जाएगा। 2025 के दानदताओ का सम्मान किया जाएगा। सामाजिक सहात्यिक एवं अन्य कलाओ का प्रदर्शन किया जाएगा। अतिथि का उद्बोधन होगा।

### परेशान युवक ने की आत्महत्या

**भिलाई।** परेशान युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि अंडर ब्रिज रेलवे क्रॉसिंग सुपेला के पास होडिंग में चंद्रभान विश्वकर्मा नामक ने होर्डिंग बोर्ड पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। चंद्रभान मूल रूप से बालोद जिले के ग्राम चोरेल का रहने वाला था। पिछले पांच वर्षो से सुपेला में निवास कर रहा था। कुछ दिन पहले ही उसकी मां का निधन हो गया। तब से खासा परेशान चल रहा था। संयोग से उसकी मां का दशगात्र कार्यक्रम भी शुक्रवार को था।

# कड़कड़ाती ठंड से प्रभावित हुई दिनचर्या, बाजारों में गर्म कपड़ों की बढ़ी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

दिसंबर के प्रथम सप्ताह में ही दल्लीराजहरा सहित आसपास के क्षेत्रों में कड़कड़ाती ठंड ने दस्तक दे दी है। सुबह–शाम भयंकर ठंड के कारण लोगों की दिनचर्या पर असर पड़ा है। ठंड के चलते दिन छोटे और रातें लंबी महसूस होने लगी हैं, वहीं सुबह का कोहरा लगातार घना होता जा रहा है। जगह–जगह अलाव का सहारा लेने वाले लोगों की संख्या बढ़ी है। बाजारों में गर्म कपड़ों की दुकानें सजने लगीं और खरीदारी भी बढ़ने लगी है। दल्लीराजहरा शहर के मुख्य मार्गों पर ठंडी हवाओं की तेज़ी के कारण सुबह की गतिविधियाँ धीमी पड़ी दिख रही हैं। वहीं स्कूल जाने वाले बच्चों और काम पर निकलने वाले कर्मचारियों को अतिरिक्त गर्म कपड़े पहनने पड़ रहे हैं।

**सुबह-शाम घना कोहरा, अलाव का ले रहें सहारा**





**स्थानीय नागरिकों की प्रतिक्रिया भी दिलचस्प रही-** स्थानीय निवासी राजकुमार साहू ने बताया, इतनी कड़कड़ाती ठंड पिछले कुछ वर्षों में नहीं देखी। सुबह कोहरे में कुछ दूरी तक भी दिखाई नहीं देता। दुकानदार ने बताया, गर्म कपड़ों की मांग अचानक बढ़ गई है। लोग जैकेट, स्वेटर और मफलर खूब खरीद रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में ठंड और बढ़ने की संभावना है। ऐसे में स्वास्थ्य दल्लीराजहरा शहीद अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर शैवाल जाना ने लोगों को सुबह–शाम बाहर निकलते समय गर्म कपड़े पहनने, बच्चों और बुजुर्गों को विशेष रूप से बचाव में रखने की सलाह दिया है।

### आयोजन : पद्मश्री पुनाराम निषाद की स्मृतियों में पंडवानी मेला आयोजित

# पंडवानी का 46वां स्थापना दिवस : सनौद में पंडवानी मेला और सांस्कृतिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/गुरूर

पद्मश्री स्वर्गीय पुनाराम निषाद के द्वारा स्थापित संस्था लोक कला मंच पंडवानी स्थापना दिवस की 46 वां वर्षगांठ के अवसर पर लोक कला मंच पंडवानी रिंगनी के तत्वाधान मे संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ शासन एवं समस्त ग्रामवासी सनौद द्वारा पंडवानी मेला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत सनौद में किया गया।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत आकाशवाणी एवं दूरदर्शन के कलाकारों द्वारा खड़ीसाज, पंडवानी लोकगीत, सुआ, कर्मा, डंडा नृत्य, रामधुनी, प्रहसन एवं कविता पाठ की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा थी। अतिविशिष्ट अतिथि गुण्डरदेही विधायक कुवंर सिंह निषाद थे। अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर,अध्यक्षता लोक कला मंच पंडवानी अध्यक्ष रिंगनी राजकुमार पांडेय ने किया। विशेष अतिथि सभापति जिला पंचायत बालोद लक्ष्मी अशोक साहू, सदस्य जनपद पंचायत गुरुर आशीष साहू, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरुर तामेश्वर साहू, सरपंच डांडेसरा टोमन साहू, अध्यक्ष जिला निषाद समाज दुर्ग घनश्याम निषाद, सरपंच ग्राम पंचायत सनौद डिगेश्वर नाथ ठाकुर, उमेश कुमार साहू, अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज सनौद मुकेश सार्वा, अध्यक्ष सर्व ग्रामीण समाज सनौद चित्रंगद सोनबेर, उपाध्यक्ष अरमरीकला सनौद मंडल चोवा राम साहू, अध्यक्ष ग्रामीण पटेल समाज भगत राम पटेल, ग्राम पटेल केशव सोनबेर, प्रेमलाल सोनबेर, जीवन लाल निषाद, अध्यक्ष मानस प्रचार समिति सनौद रेखराम निषाद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक संगीता सिन्हा द्वारा पूजा–अर्चना कर दीप प्रज्वलित किया गया। विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि लोक संस्कृति कला हमारे छत्तीसगढ़ की पहचान है, जो आज विलुप्त होने के कगार पर है, उसे हम सबको मिलकर जीवित रखना है, उन्होंने स्व. पूनाराम निषाद के द्वारा स्थापित संस्था लोककला मंच पंडवानी रिंगनी की प्रसंसा करते हुए कहा कि हमारे पंडवानी के महान पुरोधा लोग छत्तीसगढ़ के सभी कला संस्कृति को बचाने में अपना निःस्वार्थ योगदान दे रहे हैं और प्रतिवर्ष स्थापना दिवस पर इस कार्यक्रम का आयोजन कर रहे हैं। इस आयोजन में पंडवानी के नामी कलाकार चेतन देवांगन, दुष्यंत द्वेदी, टोमीन निषाद, चम्पा बसंत की संस्थापक चम्पा ने अपनी प्रस्तुति दी।



**कार्यक्रम में इनकी भूमिका रही अहम**

आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोक कला पंडवानी एवं लोकगीत को जगाना। लोगों के मन मे लोक कला लोकगीत के प्रति जागृति पैदा करना एवं लोकमंच कलाकारों को प्रोत्साहन देना। छत्तीसगढ़ी लोक कला गीत एवं लोक कला का आयोजन करना एवं सुविधा प्रदान करना। पूरे भारत में लोक कला गीत एवं लोक कला का प्रचार प्रसार करना है। इस अवसर पर लोक कला मंच पंडवानी रिंगनी के पदाधिकारी, समस्त प्रतिभागी एवं ग्रामवासी सनौद उपस्थित रहे। कार्यक्रम मे राजकुमार पांडेय, ओमप्रकाश सर्पा, चेतन देवांगन, ओमप्रकाश निषाद, विष्णुनारायण अठभैय्या, रामकुमार वर्मा, श्रीराम निषाद, छोटे लाल सार्वा की अहमभूमिका रही।

# रेलवे का बड़ा कदमः एसी कोच में आग लगते ही बजेगा सायरन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

इस नई व्यवस्था से यात्रियों की संचालन विश्वसनीय बढ़ने लगी,रेल यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रेलवे अब आगजनी की घटनाओं से बचाव के लिए एसी कोच में उन्नत फायर डिटेक्शन सिस्टम लगाने की प्रक्रिया शुरू कर चुका है। कोच में धुआं प्रवेश करते ही यह सिस्टम ऑटोमेटिक सायरन बजाकर यात्रियों और स्टाफ को तुरंत सतर्क करेगा। रेलवे बोर्ड ने सभी डिवीजन को लंबी दूरी की ट्रेनों में इस तकनीक को चरणबद्ध तरीके से अनिवार्य रूप से लागू करने के निर्देश दिए हैं। दल्लीराजहरा रेलवे स्टेशन मास्टर ने बताया कि हालांकि बालोद जिले क्षेत्र में लंबी दूरी की ट्रेन नहीं आती है परंतु दुर्गा डिवीजन से चलने वाली ट्रेनों में नई तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है

दल्लीराजहरा रेलवे स्टेशन मास्टर ने बताया कि दुर्ग कोचिंग डिपो द्वारा तैयार इस उन्नत फायर डिटेक्शन सिस्टम को राज्योत्सव 2025 (1–6 नवंबर, नया रायपुर) में प्रमुख रूप से प्रदर्शित किया गया था। यहाँ इस मॉडल को अत्यधिक सराहना प्राप्त हुई, जिसके बाद रेलवे बोर्ड ने इसके व्यापक उपयोग का निर्णय लिया।

लंबी दूरी की एसी ट्रेनों, इंटरसिटी, राज्यरानी और जनहित एक्सप्रेस में पहले से ही स्मोकिंग डिटेक्शन सिस्टम लगाया गया है। यदि कोई यात्री टॉयलेट या गेट के पास धूम्रपान करता है, तो तुरंत सायरन बजने लगता है। इस व्यवस्था का सकारात्मक प्रभाव देखने को मिला है।

अब आग की रोकथाम के लिए रेलवे इससे कहीं अधिक उन्नत तकनीक अपना रहा है।

दल्लीराजहरा रेलवे स्टेशन मास्टर ने कहा- फायर डिटेक्शन सिस्टम यात्रियों की सुरक्षा के लिहाज से एक बड़ी उपलब्धि है। धुआं सेंसर के जरिए सेकंडों में अलर्ट मिल जाता है, जिससे किसी भी संभावित आग को बढ़ने से पहले ही नियंत्रित किया जा सकेगा। राज्योत्सव 2025 में इसकी शानदार प्रस्तुति के बाद इसे लोगों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली थी।

**धुआं सेंसर देगा तुरंत अलर्ट**

इस सिस्टम के तहत एसी कोच की छत पर हाई-सेंसिटिव धुआं सेंसर लगाए गए हैं। जैसे ही किसी भी कारण कोच के अंदर धुआं फैलता है,सेंसर तुरंत सक्रिय हो जाता है और कोच में लगा रेलवे सायरन बज उठता है सायरन बजने से यात्रियों और ट्रेन स्टाफ को तात्कालिक चेतावनी मिलती है, जिससे आग को शुरुआती स्थिति में ही नियंत्रित करना आसान हो जाता है। अधिकारियों के अनुसार, यह पूरा सिस्टम पूरी तरह ऑटोमेटिक है और इसमें किसी मानवीय हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं

# लुकेंद्र का भारतीय थलसेना में चयन होने पर गांव में किया भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम



कहते कागज अपनी किस्मत से उड़ता है, लेकिन पतंग अपनी काबिलियत से उड़ता है इसीलिये किस्मत साथ दे ना दे काबिलियत जरूर साथ देती है, ये कर दिखाया बालोद जिले के अंतिम गांव चीर चार में अपने पिता स्व टेमनलाल सेन जो कि गांव में घर घर जाकर नाई काम कर बाकी समय अपने सेलून दुकान में काम करते लेकिन उसके पिता ने अपने बेटे को देश सेवा में भेजने के लिए प्रेरित किया।

वही कोरोना काल के दर्दनाक मंजर में पिता तुमेंद्र की मौत हो गई, घर में मां और भाई हैं, जिम्मेदारी के साथ अपने स्व पिता की बात याद कर देश सेवा में जाने का संकल्प लिया, वही लुकेंद्र सेन के कंधों पर स्कूल व परिवार की जवाबदारी होने के बावजूद अपनी कड़ी मेहनत से मैदान में खूब पसीना बहाया, आखिर कार मेहनत से अपनी पहचान मिली, वही बीते सात महीने की कड़ी ट्रेनिग़ थल सेना बैंगलोर से प्रशिक्षण लेकर लौटते ही गुदड़ी के लाल लुकेंद्र सेन के स्वागत में ग्रामीणों ने जमकर आतिश बाजी कर उसके सम्मान में घर घर आंगन में दिए जलाकर सम्मान किया।

इस अवसर पर ग्राम सरपंच कचरा बाई साहू ने कहा कि बहुत गर्व की बात है, हमारे गांव के युवा देश सेवा में गया है, वही सभी युवा प्रेरणा लेकर कड़ी मेहनत करे।

वही उप सरपंच चुकेश्वर साहू सहित निलेश, अमृत, दीपचंद निषाद, अज्जू, दीपेश बड़ी संख्या में ग्रामीण जनों ने स्वागत किया।

# भाजपा मंडल ने बाबा साहेब आंबेडकर का निर्वाण दिवस मनाया और दी भावभीनी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय, प्रदेश एवं जिला संगठन के निर्देशानुसार देशभर में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव जी अम्बेडकर के निर्वाण दिवस पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में भाजपा मंडल डौंडी लोहारा ने स्थानीय पुराना नगर पंचायत भवन के सामने स्थित बाबा साहेब अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मंडल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब के महान व्यक्तित्व एवं उनके राष्ट्रनिर्माण में दिए गए अद्वितीय योगदान को स्मरण करते हुए संविधानिक मूल्यों के संरक्षण एवं सामाजिक समरसता के संकल्प को दोहराया। उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर ने समानता, न्याय और अधिकारों के लिए आजीवन संघर्ष किया, जिन्हें राष्ट्र सदैव सम्मान के साथ याद करता रहेगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य देवेन्द्र जायसवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा, महामंत्री द्वय दुष्यंत गिरी एवं सोमेन्द्र देशमुख, नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम, उपाध्यक्ष नेहा उपाध्याय, महाविद्यालय जनभागीदारी अध्यक्ष जसराज शर्मा, मंडल मंत्री धर्मेंद्र निषाद, पूर्व पार्षद जीवराखन कौमार्य, धिरेन्द्र टांक, हिरेन्द्र गायकवाड, पूर्व एल्डरमेन दिलीप बाफना, गिरधारी कोसमा, सुनील मेश्राम, पुनेश्वर देवांगन, जयसिंह ठाकुर सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके सिद्धांतों को जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन मंडल पदाधिकारियों द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम शांतिपूर्ण और गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ, जिसमें सभी ने बाबा साहेब के विचारों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

# डौंडीलोहारा में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



स्थानीय प्रगति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विद्यालयीन स्तर पर खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में छात्रों ने उत्साह एवं खेलभावना के साथ विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता स्थगित होने के कारण इस वर्ष विद्यालय स्तर पर ही सभी प्रतिस्पर्धाओं का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए दौड़, सुरीली कुर्सी, रस्सीकूद, लंबीकूद और गोली-चम्मच जैसी रोचक प्रतियोगिताएं रखी गईं, जिनमें नन्हें प्रतिभागियों ने पूरे जोश के साथ भाग लिया। वहीं मिडिल एवं हायर सेकेंडरी स्तर के विद्यार्थियों के लिए लंबीकूद, रस्साखींच, कबड्डी सहित कई प्रतिस्पर्धात्मक खेलों का आयोजन किया गया। इन सभी खेलों में विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी देखने योग्य रही।विद्यालय के प्राचार्य राजकुमार देवांगन, संचालक ललित सिंह गौर, प्रधानाचार्य सुश्री कीर्तिबाला टांक, गंजीर सर, सिन्हा सर, सोनकली सर, यादव सर, छेदाम मैडम, गौर मैडम एवं अटल मैडम सहित पूरे विद्यालयीन स्टाफ ने निर्णायक की महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए प्रतियोगिताओं को सफलतापूर्वक संपन्न कराया। सभी शिक्षकों ने बच्चों को प्रोत्साहित किया तथा खेल के दौरान अनुशासन और खेलभावना बनाए रखने का संदेश भी दिया। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों में उत्साह का खासा माहौल देखने को मिला। अनेक विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी खेल प्रतिभा का परिचय दिया। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि सभी विजेताओं को आगामी पुरस्कार वितरण समारोह में सम्मानित किया जाएगा। विद्यालय परिवार ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य एवं उनकी प्रगति के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। यह खेलकूद प्रतियोगिता विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण में ऊर्जा, उत्साह तथा टीम भावना को बढ़ाने का महत्वपूर्ण माध्यम सिद्ध हुई।

# फीस विवाद को लेकर छात्र बिफरे महाविद्यालय ने दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



शासकीय एकलव्य महाविद्यालय डौंडी लोहारा में तृतीय सेमेस्टर के 26 विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन की अनुमति नहीं दिए जाने का मामला गर्माया हुआ है। प्रबंधन ने बिना पात्रता जांच के छात्रों से फीस ली और बाद में प्रवेश अमान्य कर दिया। प्राचार्य द्वारा फीस वापसी के दिए गए आश्वासन से मुकर जाने और छात्रों की समस्याओं को अनसुना करने से आंदोलन की स्थिति बन गई। 6 दिसंबर को छात्र महाविद्यालय में धरना प्रदर्शन और प्राचार्य का पुतला दहन करने की चेतावनी देने लगे। प्रशासन ने पुलिस बल तैनात कर छात्रों से चर्चा की। एसडीएम, जनभागीदारी समिति और तहसीलदार की मौजूदगी में छात्रों को आश्वासन दिया गया कि फीस वापसी जल्द होगी और शैक्षणिक वर्ष बर्बाद नहीं होगा। छात्रों ने आंदोलन अस्थायी रूप से स्थगित किया, लेकिन चेतावनी दी कि यदि वादा पूरा नहीं हुआ, तो पुनः उग्र आंदोलन होगा।

### मड़ियापार स्कूल में न्योता भोज का आयोजन किया गया

**गुण्डरदेही/सिकोसा।** प्राथमिक विद्यालय मड़ियापार में आलोक शुक्ला और आशीष शुक्ला द्वारा अपने माता स्व. ऊषा शुक्ला की याद में नेवता भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर में ग्राम पंचायत लिमोरा के सरपंच तिलेश्वरी बघेल, पूर्व सरपंच कल्याण साहू, अलख धनकर मधु साहू, प्रधान पाठक राम अवतार नवरंगे धुरव, उत्कर्ष शुक्ला और ग्रामीण उपस्थित थे।





खबर संक्षेप



## अग्निवीर में चयनित आकाश का किया गया सम्मान

**गुरूर।** ग्राम पुरूर मिर्रीटोला निवासी आकाश साहू का चयन अग्नीवीर भारतीय सेना मे होने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरुर सुनीता संजय साहू, सरपंच हीरामणि साहू, राकेश साहू, मिथलेश साहू, पवन साहू, संजय साहू, ग्राम पटेल किर्तन साहू एवं समस्त व्यापारी तथा परिजनो मे पिता आशीश साहू, माता नम्रता साहू, बड़े पापा किशन धुरव, बड़ी मां उर्मिला धुरव व अन्य परिजन उपस्थित थे।

## प्राचार्य रुबी जानसन ने पदभार ग्रहण किया



**गुण्डरदेही।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भाठागांव आर में नए प्राचार्य रुबी जानसन ने पदभार ग्रहण किया। जहां स्कूल समिति के अध्यक्ष केके साहू, सदस्य, शिक्षक गण व बच्चों ने गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। बता दे कि नवनियुक्त प्राचार्य रुबी जानसन भाठागांव आर मे ही 2008 मे ही व्याख्यायात के रुप मे पदस्थ थी। जो 3 दिसंबर को प्राचार्य के रूप मे पदस्थ होकर कार्यभार ग्रहण किया।

## न्योता भोज कराया गया



**डौण्डीलोहारा।** शा. प्रा. व माध्यमिक शाला सहगांव में विद्यालय प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष प्रेम लाल निषाद ने अपने सुपुत्री जीविका निषाद के जन्म दिन के अवसर पर न्योता भोज कराया। न्योता भोज में लड्डू, गुलाब जामुन और मुगौड़ी परोसा गया।इसके पूर्व उच्च वर्ग शिक्षक नीलिमा राम ने भी न्योता भोज कराया। न्योता भोज में खीर परोसा गया। स्वादिष्ट भोजन खाकर बच्चे बहुत खुश हुए और हृदय से धन्यवाद दिए। इस अवसर पर के. एल. चुरेन्द्र, होमलाल पटेल, प्रीति चौहान, विजय कुमार पटेल, केशर अलेन्द्र, गिरीश कुमार निर्मोही, भागवत तारम, सुरेखा यामले, दुलौरीन सहारा, लीला यादव उपस्थित थे।

## सेवानिवृत्त अधिकारियों के योगदान को किया याद

**भिलाई।** बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन द्वारा नवम्बर में सेवानिवृत्त अधिकारियों के दीर्घ सेवा एवं उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मान समारोह का आयोजन प्रगति भवन, सिविक सेंटर में किया गया। सेफी चेयरमेन और आफिसर्स एसोसएशिन के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर, मिश्रा सहित कोषाध्यक्ष सौभाग्य रंजन साहू, प्रहलाद मौर्य, उपस्थित थे।

### कार्यक्रम : स्वच्छता. नशामुक्ति, मतदाता जागरूकता पर रैली निकाली

# एनएसएस ने आयोजित किया एक दिवसीय जागरूकता शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालोद की इकाई राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में एकदिवसीय जागरूकता शिविर गोद ग्राम मेड़की में आयोजित किया गया।

सभी स्वयंसेवकों के द्वारा गोद ग्राम मेड़की एवं ग्राम पंचायत ओरमा में रैली के माध्यम से ग्राम वासियों को स्वच्छता के प्रति, नशा मुक्ति के प्रति, कुपोषण दूर करने हेतु, मतदाता जागरूकता जैसे तमाम सामाजिक मुद्दों पर जागरूक करने का प्रयास किया गया। परियोजना कार्य के माध्यम से स्वयंसेवकों ने गांव के गली चौराहे, मंदिर, तालाब, मैदान स्कूल, भवन के आसपास की सफाई कर लोगों में स्वच्छ ग्राम स्वच्छ भारत हेतु संदेश दिया और लोगों को स्वच्छता और शिक्षा के प्रति जागरूकता संदेश दिया गया।

रात्रि कालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत ओरमा मंजूलता परस साहू थी। विशिष्ट अतिथि धनराज साहू, टहल साहू, बालक साहू थे। अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज मनोहर लाल साहू, ग्राम पटेल मेड़की होरी लाल साहू, अग्नि वीर जवान विजय साहू, पंच ग्राम पंचायत ओरमा रोशनी साहू, राष्ट्रीय सेवा योजना महाविद्यालय बालोद के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. गोपानंद खरे उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि मंजू लता परस साहू ने कहा राष्ट्रीय सेवा योजना समाज को एक नई दिशा देती है, उन्होंने एनएसएस के जागरूकता कार्यक्रम को बच्चों के द्वारा दिए जा रहे हैं संदेश को सराहा और ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति और नशा उन्मूलन के प्रति जागरूक रहने की बात कही।

विशिष्ट अतिथि धनराज साहू ने पंचायत द्वारा इस प्रकार के सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम की अनुमति देने और एकदिवसीय शिविर के सफल संचालन के लिए हर्श व्यक्त की। विशिष्ट अतिथि मनोहर लाल साहू ने मतदाता जागरूकता हेतु समस्त ग्राम वासियों को संदेश दिया की मतदाता ही देश के विकास के लिए एक सही नेता चुनते हैं तो किसी भी प्रकार के बहकावे या लालच में आकर वोट ना देवे अपने मत का सही उपयोग कर सही प्रत्याशी चुने और देश का विकास करने मे योगदान दे।

अग्नि वीर जवान विजय साहू जो की अपने 8 महीने के प्रशिक्षण से प्रथम बार निवास ग्राम आगमन पर ग्राम मेड़की में स्वागत किया गया, उन्होंने युवाओं से अपील की कि मेहनत करते रहिए सफलता जरूर मिलेगी। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो. गोपानंद खरे ने कहा कि सभी स्वयंसेवक युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद के जीवनी को आत्मसात करते हैं और व्यक्तित्व विकास करते हुए अनुशासन की महत्ता को भी पहचानते हैं

स्वयंसेवक लक्ष कुमार साहू को सामाजिक समस्याओं को दूर करने के लिए प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।



### कार्यक्रम में ये रहे शामिल

कार्यक्रम में संपूर्ण गतिविधि प्रो जीएन खरे के मार्गदर्शन एवं स्वयंसेवक देवेंद्र कुमार साहू, गजेंद्र ढीमर, डिलेश्वर देशमुख के अगुवाई में स्वयंसेवक मनीष साहू, यमित, राजेश बक्शी, राम अवतार साहू, राहुल साहू, दीपचंद साहू, निधि चंद्राकर, नम्रता, सीमा, उषा सिंह, बिनीता मंडावी, ढुलेश्वरी, ललिता, खुसाल, जितेश, कंचन साहू, जागेश्वरी साहू, जागृति बारले, गणेश्वरी उपस्थित थे।

# धान की लिमिट बढ़ाने किसानों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी

700 किंवटल धान की लिमिट बढ़ाने शनिवार के दिन भी धान खरीदी करने की व्यवस्था बनाने तथा ऑनलाइन टोकन सिस्टम को समाप्त कर ऑफलाइन टोकन की प्रक्रिया चालू करने की मांग को लेकर डोंडी अंचल के जनप्रतिनिधियों ने कलेक्टर के नाम तहसील कार्यालय डोंडी में ज्ञापन सौंपा। जनप्रतिनिधियों ने बताया की शासन के धान खरीदी व्यवस्था से डौंडी ब्लॉक के किसान आक्रोशित है। वर्ष खरीफ फसल 2025- 26 में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 15 नवंबर से सोसाइटियों में धान खरीदी की जा रही है। जिससे किसान परेशान है प्रत्येक किसानों को ऑनलाइन व्यवस्था के अंतर्गत टोकन प्राप्त कर अपने धान बेचने की व्यवस्था दी गई है। किसान ऑनलाइन व्यवस्था से परेशान है एवं आक्रोशित है किसानों का कहना है प्रत्येक सोसाइटी में धान खरीदी लिमिट कर दिया गया। इसके कारण ऑनलाइन व्यवस्था से टोकन कार्ड प्राप्त करने में बहुत कठिनाई हो रही है। नेटवर्क प्रॉब्लम एवं एंड्राइड मोबाइल नहीं होने से किसान एंड्रॉयड मोबाइल धारकों वालों के पास सुबह से लाइन लगाकर बैठे रहते हैं फिर भी उन्हे टोकन नहीं मिल पा रहा है। जिसके पास वाई-फाई है वही किसान कहीं ना कहीं अपने टोकन प्राप्त कर रहे है 700 किंवटल की लिमिट बहुत कम है। ऑनलाइन सिस्टम को समाप्त कर ऑफलाइन करना चाहिए किसानों को यह भी कहना है यदि ऑनलाइन करना ही है तो आ धा - आ धा ऑफलाइन और ऑनलाइन करने की व्यवस्था की जाए इस व्यवस्था में सुधार जल्द नहीं किया गया तो डौंडी ब्लॉक के किसान आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे ,ज्ञापन देने वालों में भोलाराम नेताम जनपद उपाध्यक्ष, तुलेश्वर हिचामी जनपद सदस्य शिव प्रसाद बारला जनपद सदस्य ,पंकज हिडको सरपंच पूर्व गोड़वाना स्टूडेंट यूनियन जिला अध्यक्ष सुनील कोरेटी गोड़वाना स्टूडेंट यूनियन ब्लॉक अध्यक्ष देव कोर्राम रामदेव दर्रा भुनेश्वर कोर्राम सन्त टडिया आदि किसान उपस्थित थे।





# टेक्नोफेस्ट 2.0 में जिले के विद्यार्थियों के 250 नवाचारी विज्ञान मॉडल होंगे प्रदर्शित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी के मागदर्शन में जिला प्रशासन बालोद और शिक्षा विभाग के तत्वाधान में बालोद टेक्नोफेस्ट 2.0 का आयोजन किया जाएगा। बालोद टेक्नोफेस्ट 2.0 आयोजन का उद्देश्य छात्र–छात्रओं में वैज्ञानिक सोच, नवाचार और तकनीकी कौशल को बढ़ावा देना है। बालोद टेक्नोफेस्ट 2.0 के सफल आयोजन हेतु जिला शिक्षा अधिकारी मधुलिका तिवारी ने समीक्षा बैठक ली। बैठक में बताया गया कि बालोद टेक्नोफेस्ट 2.0 में जिले के चयनितविद्यार्थी अपने नवाचारी विज्ञान मॉडल प्रस्तुत करेंगे, जिससे जिले में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और सृजनात्मकता को नया आयाम मिलेगा।

उन्होंने बताया कि इस वर्ष बालोद टेक्नोफेस्ट 2.0 के लिए जिले से कुल 1589 आइडियाज प्राप्त हुए, जिनमें से स्क्रूटनी के बाद 250 मॉडल का चयन किया गया है। इन मॉडलों को कक्षा 6वीं से 8वीं, कक्षा 9वीं एवं 10वीं तथा कक्षा 11वीं एवं 12वीं सहित कुल तीन श्रेणियों में विभाजित किया गया है।

समीक्षा बैठक में टेक्नोफेस्ट 2.0 के नोडल पंकज सोनी, कार्यक्रम समन्वयक लोचन देशमुख, जरीन खान सहित विभिन्न विभागों के नोडल आरएन देशमुख, एन के यादव, अमित श्रीवास्तव, अशरफ तिगाला, सूर्यकांत सिन्हा, शिक्षक–शिक्षिकाएं एवं संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विधायक सिन्हा ने बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का किया सम्मान





### बच्चों में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित करता है खेल : सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा ने खिलाड़ियों का सम्मान किया। संजारी बालोद की विधायक संगीता सिन्हा ने वनांचल क्षेत्र ग्राम मुल्ले में आयोजित संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को सम्मानित किया। विधायक संगीता सिन्हा ने बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी, अभिभावक, शिक्षक और ग्रामीण उपस्थित रहे। विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि बच्चों के लिए खेल सिर्फ एक शारीरिक गतिविधि नहीं, बल्कि उनके सर्वांगीण विकास की मजबूत नींव है। खेल बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास, टीमवर्क, नेतृत्व क्षमता और मानसिक मजबूती विकसित करता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में खेल और शिक्षा एक–दूसरे के पूरक हैं और दोनों का संतुलन ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करता है।

इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि कमलेश श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष मरार समाज यज्ञदेव पटेल, पुरषोत्तम पटेल, जनपद सदस्य अमृता नेताम, महामंत्री रोहित सागर, ऐनु राम साहू, सेक्टर अध्यक्ष धनऊ राम गावड़े, बूथ अध्यक्ष अकबर सिंह कुंजाम, पूर्व सरपंच जितेन्द्र पटेल, पंच गंगा बाई कुंजाम सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

# औरंगाबाद जोनल स्तरीय युवा उत्सव में पायल ने रंगोली से बिखेरी छग लोक संस्कृति की छटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/अर्जुन्दा

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की टीम ने 39वें जोनल स्तरीय युवा उत्सव औरंगाबाद महाराष्ट्र हिस्सा लिया। जिसमें छत्तीसगढ़ के अलग–अलग महाविद्यालय और विश्वविद्यालय के साथ बालोद जिले के शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुंदा की पीजीडीसीए प्रथम सेमेस्टर छात्र एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेविका पायल निषाद ने भी रंगोली प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और छत्तीसगढ़ की लोक कला संस्कृति परम्परा को रंगोली के माध्यम से छत्तीसगढ़ की लोक कला संस्कृति और परम्पराओं की छटा बिखेरी। पायल निषाद ने 39वें जोनल युवा उत्सव में 25 नवंबर से 29 नवबर 2025 तक एम.जी.एम. यूनिवर्सिटी, छत्रपति संभाजीनगर, औरंगाबाद महाराष्ट्र में आयोजित जोनल युवा उत्सव 2025 में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग का प्रतिनिधित्व किया।

इससे पहले भी पायल निषाद ने वर्ष 2024 में क्राइस्ट विश्वविद्यालय बैंगलुरु में आयोजित 34वें साउथ ईस्ट जोन फेस्टिवल में हेमचंद यादव दुर्ग विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया था। पायल की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सोमाली गुप्ता और समस्त प्राध्यापकगण स्टाफ और राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी किशोर कुमार टंडन व समस्त स्वयंसेवक ने हर्श व्यक्त की।





## सीएससी निकुम में 'सांस' कार्यक्रम की हुई शुरुआत



**अंडा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निकुम में सांस कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम का उद्‌घाटन ग्राम निकुम के सरपंच भगवत पटेल द्वारा किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र की मितानिन, मितानिन प्रेरक, महिला-पुरुष, सुपरवाइज़र महिला-पुरुष बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान 0 से 5 वर्ष आयु के बच्चों में निमोनिया की रोकथाम, पहचान तथा समय पर उपचार के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।कार्यक्रम का सफल संचालन राजेन्द्र वर्मा एवं सोमित राम रंगारी द्वारा किया गया। साथ ही कार्यक्रम में प्रभारी सेक्टर सुपरवाइज़र तुलसी यादव तथा हरिकिशन धृतलहरे भी उपस्थित रहे। सांस अभियान के माध्यम से समुदाय में बच्चों की श्वसन संबंधी बीमारियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और समय पर उपचार सुनिश्चित करने का संदेश दिया गया।

## ग्राम डुडेरा में 3 जनवरी को देव मड़ई

**लाटाबोड़।** ग्राम डुडेरा(कुर्दी) में देव मड़ई 3 जनवरी को होना है। जहां आसपास के देवी स्वरुप डाग डोरी आकाश झूला मुख्य मिठाई की दुकान मुख्य आकर्षण रहेगा। सरपंच थलेश्वर सिन्हा रात्रीकालीन मनोरंजन के लिए मां के ममता छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी चिखली बांधा बाजार जिला मानपुर मोहला और आश्रित ग्राम लासाटोला में भुइया के सिंगार होच्चेटोला जिला बालोद वालों का कार्यक्रम रखा गया है।

यहां वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, लकवा रोग, बवासीर, पेट रोग, पुरुषों के गुप्त रोग, स्त्री रोग-सफेद पानी आना, मासिक रूकावट केश रोग, मूत्र रोग, शुगर रोग, चर्म रोग, बुखार, सर्दी, खांसी, स्वास रोग व दांत रोग के इलाज में
तुरंत आराम के लिए
बाबा आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - हाउसिंग बोर्ड कालोनी पोटियाडीह, धमतरी
मो.नं. : 8319983810
यहां डॉक्टर का फीस नहीं लगता
खुलने का समय सुबह 8 से 9 बजे तक

### भागवत कथा में गुरु-भक्ति व नीति पथ का महत्व बताया, श्रद्धालुओं की रही भारी भीड़

# स्वेच्छाचार की गोद में कभी भी सत्य का उदय नहीं होता : संत निरंजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम पाऊवारा में आयोजित किए जा रहे श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के चतुर्थ दिवस में भगवान ध्रुव चरित्र की कथा व्यासपीठ से बताया उत्तान पाद की पत्नि सुरुचि सुनीति उत्तम - ध्रुव की आख्यान में प्रकाश डालते हुए महाराज जी ने कहा ध्रुव सत्य है सुरीचि अर्थात स्वेच्छाचारी कभी सत्य को नही प्राप्त कर सकता' नीति पथ में चलकर कर ही साधक सिध्द बन जाता है। अनीतिपथ का सहारा लेने वाले कभी सुखी नही हो सकता। स्वेच्छारी को अपने मन के भावनाओं के साथ जो रुचिकर लगे वही करता है। पहले तो हर कार्य उत्तम लगता है बार में परिणाम बुरा होता है।

नीतिपथ का पथिक शाश्वत सुख की अनुभूति करते हुए आनंद पूर्वक जीवन व्यतीत करता है।

जीव ही उत्तान पाद है रुचि के वश में रहम कष्ट उठाता है और नीति के सहारे जी कर जीवन को सुन्दर बनाता है। शास्वत सुख नीति पथ में चलने वाले ही प्राप्त कर सकते हैं।

संत श्री निरंजन महाराज जी कथा में आगे बताया की संसार के भटके हुए जीवो को मधुवन में ले जाने वाले गुरु होते हैं। नारद जी के साथ ध्रुव जी का मिलने की कथा के माध्यम से भक्त और भगवान की महिमा का बखान किया।

उपासना से चित्त निर्मल होता है चित्त निर्मल होने पर ही ज्योति स्वरूप, प्रकाशरूप ईश्वर का दर्शन होता है। एक भक्त की आराधना सारे विश्व की आराधना बन जाती है। एक व्यक्ति के सत्कर्म का प्रभाव परिवार,समाज और विश्व पर पढ़ता है।

आध्यात्म की ओर झुकने वाले साधक पूरे संसार के लिए कल्याण की भावना रखता है। भक्त ध्रुव की आख्यान बच्चों को अवश्य सुनाना चाहिए ताकि आने वाला जीवन सुखमय हो और राष्हित में प्रत्येक व्यन्ति का कदम अग्रसर हो। अनन्त काल से जीव अपने स्वरूप के लिए ही विचरता है मनुष्य जीवन में ही ज्ञान, ध्यान, भक्ति संभव है।

इस अवसर पर कसडोल विधायक संदीप साहू, चंद्रपुर विधायक राम कुमार यादव, अध्यक्ष रजक कल्याण बोर्ड प्रहलाद रजक,पूर्व अध्यक्ष जिला महासमुंद रश्मि चन्द्रकार, भगवाताचार्य सुश्री गरिमा शर्मा, जिला पंचायत सदस्य उषा बंजारे,पूर्व जिला अध्यक्ष पुष्पा यादव,शेमसर कुरैशी, रूप नारायण शर्मा, टीका राम सेन,कैलाश नहाटा, झुमुक लाल साहू, रुपेश देशमुख सहित सैकड़ो श्रोता गण उपस्थित थे।आयोजन कर्ता पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू,मोखन साहू, पूरन साहू,जितेंद्र साहू, सरिता साहू, भूषण साहू, योगिता साहू, हर्ष साहू, केशर साहू, जनपद के पूर्व अध्यक्ष देवेंद देशमुख, नगर पालिक निगम रिसाली की महापौर शशि सिन्हा,डिकेंद्र हिरवानी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य योगिता चंद्राकर,राम कली यादव,जनपद पंचायत दुर्ग के उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी, जनपद सदस्य झमीत गायकवाड सहित अन्य शामिल हुए।





online Booking:-www.tripuryatra.com
20 वर्षों से
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी,
40 शीटें शेष
श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411